सार-समाचार

विनय व्यास को जिलाध्यक्ष बनाया

विनय व्यास

जालोर, (कासं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विनय व्यास को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान का जिलाध्यक्ष (जालोर) नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. यादव ने जारी नियुक्ति पत्र में लिखा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील पंवार व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा व संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति की खबर मिलते ही कांग्रेसजनों में खुशी का माहौल है। प्रदेश और जिले के कार्यकर्ताओं ने व्यास को बधाई दी।

विधायक डॉ. अरूण ने श्रमदान किया

बालोतरा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करने के लिए एक दिन, एक घंटा, एक साथ राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बालोतरा में सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर परिषद क्षेत्र के रेलवे फाटक संख्या 1, नाहटा अस्पताल के सामने सुबह 8 बजे शुरू हुआ। इस श्रमदान में पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अरुण चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार और नगर परिषद के सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। डॉ. चौधरी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए इस मुहिम में बढ-चढकर भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी से शहर को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लेने का आव्हान भी किया। विधायक डॉ. चौधरी ने राष्ट्रीय श्रमदान में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सराहना की और उनका हौसला बढ़ाया। बालोतरा जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने भी इस श्रमदान में भाग लिया और करीब एक घंटे तक लगातार सफाई की। नगर परिषद बालोतरा के सफाई निरीक्षक नाथाराम ने बताया कि इस एक घंटे के श्रमदान में लगभग 2० टन कचरा इकट्ठा कर उठाया गया। नगर परिषद आयुक्त रामकिशोर मेहता ने इस श्रमदान में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई कर्मियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को धन्यवाद दिया।

जोधपुर डिस्कॉम ने पकड़ी विद्युत चोरी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डिस्कॉम) की सतर्कता टीम ने विशेष अभियान चलाकर विद्युत चोरी के दो बड़े मामलों का खुलासा किया। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) जोधपुर डिस्कॉम नरेंद्र चौधरी ने किया। कार्रवाई में सहायक अभियंता (सीवीएस) जोधपुर जितेंद्र चौधरी मय स्टाफ एवं पुलिस बल शामिल रहा। टीम संख्या एक में थानाधिकारी एपीटीपीएस जोधपुर ग्रामीण मनोहर सिंह सहित हैड कांस्टेबल अनिल खत्री, कांस्टेबल हीरालाल, मदनलाल और बींजराज शामिल थे। वहीं टीम संख्या दो का नेतृत्व हैड कांस्टेबल बनवारीलाल ने किया, जिसमें कांस्टेबल जितेंद्र मधुर व शैतानसिंह आदि शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान फलोदी जिले के खारा गांव (राजस्व गांव शिवपुरा, खसरा नं. 23/2) में बागडुरम व उसके बेटों द्वारा अवैध विद्युत लाइन खींचकर दो नलकूपों को पिछले दो वर्षों से चलाने की पुष्टि हुई। मौके से अवैध ट्रांसफार्मर सहित कई विद्युत उपकरण बरामद किए गए, जिनमें सिंगल फेस से थ्री फेस बनाने एवं वोल्टेज बढ़ाने के यंत्र भी शामिल थे। इसी प्रकार इका चौराहा स्थित बिरबलराम (मैसर्स जंभेश्वर फिलिंग स्टेशन) के यहां भी विद्युत चोरी पकड़ी गई। वहां से भी एक अवैध ट्रांसफार्मर जब्त किया गया। इन दोनों मामलों में भा.वि.अधि. 2003 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कराते हुए प्रकरण विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना में दर्ज किए गए हैं।

एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान

रेवदर , (निसं)। रेवदर के निकट पामेरा के श्रीमती गलू बाई रामाजी चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत प्रातः 8 से 9 बजे तक एक दिन,एक घंटा,एक साथ दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों व आम जनों ने विद्यालय परिसर और विद्यालय के बाहर व आसपास के स्थलों की सफाई कर श्रमदान किया। स्वच्छता प्रभारी पंचायत शिक्षक गणपत सिंह राव ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जलाया जाना है, जिसके तहत प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियाँ आयोजित की जानी है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य जयप्रकाश नागर के अनुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान का महत्वपूर्ण उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी से स्वच्छता के सिद्धांतों को बढावा देने हेतु उत्सव के रूप में मनाया जाना है।जिसका उद्देश्य हॉल ऑफ गवर्नमेंट एंड हॉल ऑफ सोसाइटी के दृष्टिकोण से पर्यावरण अनुकूलन और शून्य अपशिष्ट समारोह के लिए मानक स्थापित करना है।विद्यालय मिडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफ ने मिलकर विद्यालय परिसर और परिसर के बाहर परकोटे के आसपास सफाई की।

नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन आज

जोधपुर ,(नि.सं.)। महाराजा हनवन्त सैनिक स्कूल चौपासनी के नवनिर्मित भवन का शुक्रवार 26 सितंबर को सांय 5: 45 बजे गज सिंह व हेमलता राज्ये के कर कमल से उद्घाटन होगा। चौपासनी शिक्षा समिति के सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह झालामंड ने बताया कि तीन बड़े बहु उपयोगी हॉल व 12 कमरों का निर्माण करवाया गया जो सैनिक स्कूल के उपयोग के लिए बने हैं। साथ ही अन्य सुविधाएं भी विकसित की गई है। उन्होंने बताया कि इस नए ब्लॉक का निर्माण पुराने ब्लॉक से जुड़ते हुए ही करवाया गया है। इसका निर्माण चौपासनी परिसर के पहले के भवनो की डिजाइन की तरह ही करवाया गया है।

भटाना में पखवाड़ा शिविर आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट भटाना कस्बे के राजीव गांधी सेवा केंद्र में आज गुरुवार के दिन शिविर अध्यक्ष नायब तहसीलदार रावल की शिविर आयोजित हुआ। शिविर 12 पुरानी आबादी के पट्टे वितरण किए गए। खाद्य सुरक्षा के अपील फॉर्म के आवेदन किए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतर्गत बीपीएल परिवारों का सर्वे किया गया। उस समय ग्राम विकास अधिकारी राज कुमार नागर, पंचायत सहायक भवानी सिंह, एलडीसी रविन्द्र सिंह, भगवत सिंह, ताराचंद पुरोहित, ग्राम सहकारी समिति व्यवस्थापक कालू राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप रामपुरा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वि म सिंह राव, कैलाश मेघवाल, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, सहित अन्य विभाग के कर्म चारी गण मौजूद रहे। शिविर में लोगों को टीवी के माध्यम से सरकार की योजना के बारे में भी बताया गया।

नवीन भवन निर्माण की मांग की

जालोर, (कासं)। पंचायत समिति जालोर के प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित ने राज्य के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को पत्र लिखकर पंचायत समिति के नवीन भवन निर्माण की मांग की है। पंचायत समिति जालोर के प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित ने पत्र के माध्यम से बताया कि पंचायत समिति जालोर का भवन मुख्य सड़क तल से 5 फीट नीचे होने से वर्षाजल की प्राकृतिक व स्वाभाविक निकासी नहीं हो पा रही है तथा जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब की निकटता व भूमिगत जल स्तर ऊपर होने के कारण वर्षा ऋतु में जल भराव से दुष्कर स्थिति बन जाती है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री को पुराने भवन को डिस्मेंटल करने एवं नवीन भवन निर्माण स्वीकृति के लिए पत्र लिखा है।

राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर शुरू

जालोर, (कासं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय प्रताप चौक जालोर में गुरुवार को अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश खोरवाल की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुभारंभ किया। शिविर प्रभारी कविता राणावत द्वारा शिविर के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई । शिविर में कक्षा 11 और 12 की छात्राये भाग ले रही है, जो पूरे दिन विद्यालय की सफाई, पेड पोधों की देखभाल, पास की बस्ती में सर्वे के कार्य को अंजाम देगी। संस्था प्रधान ज्ञानी राठौड द्वारा धन्यवाद प्रदान किया। कार्यकम का संचालन व्याख्याता नरपत आर्य द्वारा किया गया। इस दौरान लता मुकेश व्याख्याता भी मौजद रही।

खर्रा ने सोजत में शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। जिला प्रभारी एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गुरूवार को पाली जिले की सोजत नगर पालिका में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर जायजा लिया और अधिकारियों को अधिक से अधिक पात्र लोगों व अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिये कहा।

प्रभारी मंत्री खर्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण व शहरी सेवा शिविरों में अधिक से अधिक व अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ मिले। सेवा शिविरों में विभिन्न विभागों के कामों की स्थिति प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने शिविर में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी परिवारों को चेक व पट्टे दिये। शिविर में लाभान्वित परिवार ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस मौके शिविर में गोद भराई रस्म भी अदा की गई।

सोजत विधायक शोभा चौहान, पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण दवे, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनी पंवार, उपखंड अधिकारी मर्सीगाराम जांगिड़, तहसीलदार डॉ दिलीप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जुगल किशोर निकूम भी उपस्थित रहे।

खर्रा ने गुरूवार को पंचायत समिति पाली की ग्राम पंचायत लाम्बिया में ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। ग्रामीणजनों से शिविर में अधिक से अधिक लाभ लेने पर जोर दिया साथ ही केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने घर घर कचरा संग्रहण के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया व आवासीय पट्टो का वितरण भी किया। प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल प्रधान मोहिनी देवी किसान नेता पुखराज पटेल, जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि भंवरलाल किसान केसरी, शिविर प्रभारी मनोज कुमार भाटी, सरपंच मदनलाल, उप सरपंच नेमसिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित रहे।

जिला प्रभारी एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पाली जिले की सोजत नगर पालिका में शहरी सेवा शिविर में योजनाओं के तहत लाभार्थी परिवारों को चेक व पट्टे दिये। फोटो-राष्ट्रदूत

रामदेवरा में जी.एस.टी. कर सुधार के लिए पदयात्रा

पोकरण, (कासं)। पोकरण देशभर में 22 सितंबर से लागू जीएसटी 2.0 के प्रचार-प्रसार की श्रृंखला में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गुरुवार को अपने रामदेवरा प्रवास के दौरान जीएसटी कर सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पदयात्रा का आयोजन किया।

इस पदयात्रा में स्थानीय विधायक प्रताप पुरी महाराज, पंचायत समिति साकडा के प्रधान भगवत सिंह तंवर, ग्राम पंचायत रामदेवरा के सरपंच समंदर सिंह तंवर, वाणिज्यिक कर विभाग की संयुक्त आयुक्त पंकज पंवार सहित सैकडों स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भाग लिया।बाबा रामदेव के मुख्य मंदिर से प्रारंभ हुई पदयात्रा रामदेवरा के मुख्य बाजार से होते हुए रामदेवरा पुलिस चौकी के पास स्थित गजानन्दजी के मंदिर तक पहुँची, जहाँ यह एक सभा में परिवर्तित हुई। पदयात्रा के दौरान वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा व्यापारियों को जीएसटी 2.0 की कर दरों में की गई ऐतिहासिक कटौती, प्रक्रियाओं की सरलता एवं उपभोक्ता हितों से जुडे लाभों की जानकारी पेम्प्लेट्स एवं स्टिकर्स के माध्यम से दी गई। मुख्य सचेतक गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि जीएसटी 2.0 के रूप में देश को एक कर, सरल कर की ओर ले जाया गया है और इससे छोटे व्यापारियों को भी सीधा लाभ होगा। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे इन सुधारों की जानकारी हर उपभोक्ता व व्यापारी तक पहुँचाएं। सभा में गर्ग ने नागरिकों से देश के विकास में भागीदारी निभाने और कर सुधारों से मिले लाभ को आर्थिक विकास के लिए उपयोग करने की अपील की। उन्होंने केंद्र सरकार के कर सुधारों की प्रशंसा की और व्यापारियों से इसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आग्रह किया। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने भारत की संभावनाओं का उल्लेख कर आत्मनिर्भर व विकसित भारत निर्माण के लिए स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई।

संयुक्त आयुक्त पंकज पंवार ने जीएसटी सरलीकरण एवं कम दरों की जानकारी दी, साथ ही व्यापारियों से आईटीसी लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाने एवं समय पर कर भुगतान की सलाह दी। साथ ही, वाणिज्यिक कर विभाग जैसलमेर से राज्य कर अधिकारी विजयप्रताप सिंह, कर सहायक जितेन्द्र और वाहन चालक शंकरराम ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

सभा में जुगलकिशोर व्यास, जीवंत खां भारेवाला, नारायण सिंह तंवर, संतोश पालीवाल, श्रवण पूनिया, रमेश टावरी, भंवर सिंह सहित कई व्यापारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला प्रशासन जैसलमेर एवं वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा समन्वयित यह आयोजन स्थानीय व्यापारिक समुदाय द्वारा सराहा गया।

महोत्सव 27 से

बाड़मेर, (नि.सं.)। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, जोधपुर तथा जिला प्रशासन, बाड़मेर की ओर से 27 एवं 28 सितम्बर को मालाणी महोत्सव के लिए कलैक्टर टीना डाबी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्य दायित्वों का विभाजन कर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मालाणी महोत्सव का मुख्य आयोजन बाड़मेर के प्रसिद्ध किराडू मंदिर में होगा।

बाबा के यहां ना देर है, ना ही अंधेर : मिश्रीलाल पंवार

जोधपुर में मंडोर स्थित अनुबंध वृद्धजन कुटीर में तीन दिवसीय श्री बाबा रामदेव कथा शुरू हुई।

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में मंडोर स्थित अनुबंध वृद्धजन कुटीर में नवरात्रा पर तीन दिवसीय श्री बाबा रामदेव कथा का आज आरती के साथ शुभारंभ हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कथा वाचक रचनाकार मिश्रीलाल पंवार (आलसी बाबा) ने कहा कि भारत में भगवान समय समय पर भक्त की पुकार पर मनुष्य रूप में अवतार लेते हैं। कलयुग में भगवान द्वारकानाथ में, बाबा रामदेव के रूप में मारवाड़ की धरा पर अवतरित हुए तथा इस बंजर भूमि को अति पावन तीर्थ बना दिया ।

भगवान द्वारकानाथ की कृपा का ही परिणाम है कि हर वर्ष लाखों की संख्या में लोग मारवाड़ आकर इस धरती की माटी को माथे पर लगाते हैं। हजारों किलोमीटर दूर से आने वाले जातरुओं के लिए यह पावन धाम है। इससे बढ़कर उनके लिए संसार में कुछ नहीं है।

रचनाकार ने कहा कि बाबा रामदेव बाबा अपने भक्तों के कष्ट तुरंत दूर करते हैं। बाबा के यहां ना देर है ना अंधेर है। अपने भक्तों की पीड़ा दूर करने में एक क्षण की भी देरी नहीं करते। सच्चे हृदय से जिसने भी बाबा से मांगा, वह तत्काल मिला है।

यही कारण है कि उनकी कृपा को लोग चमत्कार के रूप में देखते हैं। बाबा आज भी अपने सच्चे भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। हर घड़ी किसी न किसी को पर्चा देते हैं।

उनके पर्चों की कोई गिनती नहीं कर सकता। अगर कोई समुन्द्र की लहरों की गिनती कर सकता है तो बाबा रामदेव के पर्चों की गिनती कर सकता है।

इससे पूर्व श्याम गुप्ता शान्त, अनुराधा अडवानी, नरेन्द्र तथा अनुबंध वृद्धजन कुटीर के वृद्धजनों ने मंगलाचरण आरती में भाग लिया। अनुबंध वृद्धजन कुटीर की संचालिका अनुराधा अडवानी ने बताया कि कुटीर के वृद्ध जन कथा का श्रवण कर भाव विभोर हो उठे। तीन दिवसीय कथा की पूर्ण आरती 27 सितम्बर को होगी।

क्षतिग्रस्त सड़कें सुधारने की मांग

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में जगह-जगह गड्ढों, उखडी सतहों और अधूरी मरम्मत के कारण आमजन रोजाना दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को लेकर जन जागृति मंच जालोर ने गुरुवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में तीखा ज्ञापन सौंपते हुए चेताया अब सब्र नहीं, जवाब चाहिए। वरना न्यायालय में जवाब देना पडेगा।

मंच ने बताया कि वर्ष 2022 से 2027 तक नगर निकाय क्षेत्र में करीब 31 किलोमीटर सड़क निर्माण पीडब्लयूडी द्वारा करवाया गया, जिसे तीन कंपनियों मैसर्स पूनमचंद भारमल, दीगाँव सांचोर, शंकरसिंह राजपुरोहित, पाली व मैसर्स भीयाराम चौधरी, जालौर को कार्य सौपा गया। इन सडकों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए मंच ने कहा कि वर्क ऑर्डर के अनुसार डिफेक्ट लाइबलिटी पीरिडय में ठेकेदारों को मरम्मत करनी थी, लेकिन नवरात्रि से पहले 16 सितम्बर को दिए गए ज्ञापन के बावजूद पीडब्ल्यडी और नगर परिषद ने 20 तारीख से मरम्मत शुरू करने का झूठा आश्वासन दिया। आज तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाडा को ज्ञापन सौंपते हुए मंच ने स्पष्ट किया कि यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो मंच न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेगा, जिसमें विभागीय अधिकारियों और प्रशासन को पक्षकार बनाकर जवाबदेही तय की जाएगी। समय रहते क्षतिग्रस्त सडको की मरम्मत नही की गई तो आंदोलन के साथ न्यायालय की शरण ली जायेगी।

रोजगार शिविर

जालोर, (कासं)। राजकीय औद्योगिक संस्थान सामतीपुरा रोड जालोर में आयोजित एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर एवं करियर काउंसलिंग का राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने किया।

शिविर में कुल 110 बेरोजगार आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभांवित किया गया।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/1696 दिनांक-25/09/2025
-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-
श्री मनोहरसिंह पुत्र श्री मूल सिंह निम्नांकित सीमा पार्श्ववाल आवासीय भूखण्ड साईज 2700 वर्गफीट वाके गौ सेवा संघ के सामने, जैसलमेर में नियमन सुदा भूमि से लगती हुई अधिक भूमि साईज 125.44 sq.m.राजकीय भूमि को क्रय करना चाहते है । अतः सर्वसाधरण को सूचनार्थ इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में सात दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई आपत्ति विचारणीय नही होगी ।
आयुक्त,
नगर परिषद जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/1697 दिनांक-25/09/2025
-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-
श्रीमती पदमंकवर पत्नी श्री उगमसिंह निम्नांकित सीमा पार्श्ववाली आवासीय भूखण्ड साईज 2700 वर्गफीट वाके गौ सेवा संघ के सामने, जैसलमेर में नियमन सुदा भूमि से लगती हई अधिक भूमि साईज 125.34 sq. m.राजकीय भूमि को क्रय करना चाहते है । अतः सर्वसाधरण को सूचनार्थ इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में सात दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई आपत्ति विचारणीय नही होगी ।
आयुक्त,
नगर परिषद जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/1695 दिनांक-25/09/2025
-: आपत्ति आमंत्रण सूचना :-
शालिनी राठौड पुत्री श्री सी.एस.राठौड़ निवासी भाटिया स्टार विजय के पास, जैसलमेर निम्नांकित सीमा पार्श्ववाली आवासीय भूखण्ड संख्या सी - 85 साईज 216 वर्गमीटर गोवर्द्धन दास कल्ला आवासीय योजना जैसलमेर से लगती हुई अधिक भूमि साईज 8.64x18.29 = 850. 17 वर्गफीट राजकीय भूमि को क्रय करना चाहते है । अतः सर्वसाधरण को सूचनार्थ इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में सात दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई आपत्ति विचारणीय नही होगी ।
आयुक्त,
नगर परिषद जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/1679 दिनांक-24/09/2025
-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-
श्री मनोज कुमार भाटिया पुत्र श्री अमृतलाल भाटिया जाति भाटिया निवासी भाटिया पाडा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन - पत्र पेश कर निवेदन किया है कि निर्मितसुदा संपति संख्या 714 साईज 58 गुणा 18 कुल 1044 वर्गफीट वाके सिलावटा पाडा, जैसलमेर जो की श्री हरीश कुमार पुत्र श्री ज्ञानचंद जी जेठा जाति माहेश्वरी निवासी जेठा पाडा जैसलमेर हाल निवासी 3 ए.विंग, रत्नयोगी अपार्टमेंट, राज सिद्धी वेसू के सामने, एसवीआर कॉलेज, सूरत, गुजरात से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री मनोज कुमार भाटिया पुत्र श्री अमृतलाल भाटिया जाति भाटिया निवासी भाटिया पाडा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/ पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे
आयुक्त, नगर परिषद जैसलमेर

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/1677 दिनांक-24/09/2025
-: प्रसारित नोटिस उजरदारी :-
श्रीमती कीर्ति देवी भाटिया पत्नी श्री मनोज कुमार भाटिया जाति भाटिया निवासी 50, भाटिया पाडा, जैसलमेर द्वारा एक आवेदन - पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय मकान संख्या 666 साईज 1060 वर्गफीट वाके तालरिया पाडा, योजना जैसलमेर जो की श्री कैलाशचन्द भाटिया पुत्र स्व. श्री मदनलाल भाटिया निवासी भाटिया पाडा जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती कीर्ति देवी भाटिया पत्नी श्री मनोज कुमार भाटिया जाति भाटिया निवासी 50, भाटिया पाडा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है ।अतः इस सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति/ पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे
आयुक्त,
नगर परिषद जैसलमेर

जोराराम कुमावत ने उपभोक्ताओं व व्यापरियों के साथ संवाद किया

बाड़मेर,(नि.सं.)। जीएसटी फेस्टिवल के अंतर्गत बाड़मेर जिला मुख्यालय पर सिणधरी सर्किल के पास प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने उपभोक्ताओं एवं व्यापरियों के साथ संवाद किया। उन्होंने जीएसटी में सुधार को आमजन के लिए राहत बताया।

प्रभारी मंत्री कुमावत ने जीएसटी 2.0 सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए इसको जीएसटी एवं आर्थिक क्रांति नाम दिया। इन्होंने जीएसटी के लागू होने से आज तक जीएसटी से व्यापारीगण, उद्योग एवं किसानो के लाभान्वित होने पर चर्चा की। इन्होंने जीएसटी स्लैब 5 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत होने एवं इसके प्रभाव के बारे में आमजन एवं व्यापारियों को बताया। इन्होंने जीएसटी 2.0 रिफॉर्म के पश्चात एवं पूर्व की कीमतों का विश्लेषण करते हुए आमजन एवं उपभोक्ताओं को बताया कि वास्तव में किस प्रकार से जीएसटी 2.0 रिफॉर्म के पश्चात् आमजन की दैनिक उपयोग में ली गई वस्तुओं के भाव कम हुए हैं एवं किस तरह से आमजन इससे लाभान्वित हो रहा है। कुमावत ने वैज्ञानिक एवं वाणिज्यिक अप्रोच से एक आम उपभोक्ता को जीएसटी के वास्तविक प्रभाव को समझाया। समाजसेवी अनन्तराम विश्नोई ने जीएसटी नेक्सट जनरेशन रिफॉर्म के बारे में जीएसटी सुधार एवं इसके अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पर चर्चा की। बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मानवता का आर्थिक कल्याण बताया।

लाभार्थियों को वितरित किए पट्टे

जालोर , (कासं)। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने गुरूवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 12 से 15 तक के लिए नगर परिषद सभागार में आयोजित शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया।

राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी ने विभागवार लगाई गई हेल्प डेस्क पर पहुँच अधिकारियों से किए जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी ली तथा आमजन से बातचीत कर उनकी समस्याओं के निस्तारण को लेकर फीडबैक लिया।

इस दौरान लाभार्थियों को पट्टे भी प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज राजपुरोहित, मंजू सोलंकी, दिनेश महावर, सुरेश सोलंकी, अशोक गुर्जर, लक्ष्मण पटेल, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, राजस्व अधिकारी श्रवणराम सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी शुरू

जालोर, (कासं)। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा एवं लोकल फॉर वोकल के तहत गुरुवार को जिला मुख्यालय पर नगर परिषद परिसर जालोर में जिला कलक्टर डॉ प्रदीप के. गावंडे ने तीन दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी क शुभारंभ हुआ।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने प्रदर्शनी में लगी स्टॉलों के उत्पादों को देखा।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, जैसैलमेर
क्रमांकः LU2012/JAI/2025-26/100002 **लोक सूचना** दिनांक : 23.09.2025
श्री SUNITA BHATIA पत्नी श्री PRAMOD KUMAR BHATJ जाति BHATIA निवासी 636, TALARIYA PARA, JAISALMER ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का पर्यटन इकाई प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्यापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. स.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	साबिया, जैसलमेर (जैसलमेर)	SUNITA BHATIA	88/694 AND 88/696	8090	0.809

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्ति यों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्यापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.09.2025 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, जैसैलमेर

गर्ग ने बाबा रामदेव की समाधि स्थल के दर्शन किए

पोकरण, (निसं)। विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने गुरुवार को तीर्थ स्थल रामदेवरा में बाबा रामदेव जी की समाधि स्थल पर दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की मंगल कामना की।

दर्शन के उपरांत गर्ग ने रामसरोवर तट पर स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 में श्रमदान किया। उन्होंने लोगों से कहा कि स्वच्छता केवल स्वास्थ्य से ही नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास से भी जुडी है। उन्होंने सभी से 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान के तहत श्रमदान करने की अपील की।

उन्होंने हाल ही में संपन्न हुई जीएसटी परिषद की 56 वीं बैठक के निर्णयों पर व्यापारियों को संबोधित किया। गर्ग ने बताया कि कर दरों में सरलीकर